गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

SI न्यूज़

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 02 अंक: 39 | गोरखपुर रविवार 16 मार्च 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

# युवाओं की प्रगति के रास्ते का हर बैरियर हटाएगी सरकार: मुख्यमंत्री

- मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी
- बोले मुख्यमंत्री, 'सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान' में एससी, एसटी और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान
- हरिद्वार और प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस जल्द होगा शुरू : योगी आदित्यनाथ
- अक्टूबर-नवंबर तक मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को भी कर देंगे राष्ट्र को समर्पित : मुख्यमंत्री
- मेरठ और सहारनपुर मंडल के युवा उद्यमियों द्वारा लगाये गये स्टॉल का सीएम ने किया अवलोकन

**संवाददाता**

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1070 युवाओं को ?48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत किया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के उत्साह और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि 24 जनवरी को शुरू की गई 'सीएम युवा उद्यमी स्कीम' को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। योजना के तहत 1 लाख आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 लाख 67 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से 1 लाख से अधिक आवेदनों को स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजा गया, जिनमें से 25 हजार से अधिक को मंजूरी मिल चुकी है और ऋण वितरण शुरू हो गया है। आज मेरठ में 1070 युवाओं को इस योजना का लाभ मिला। सीएम ने कहा कि पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका पूरा ब्याज सरकार वहन करेगी। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पीएम मोदी के 'स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया' के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने मेरठ को क्रांतिधरा और पावन स्थल बताते हुए कहा कि इसे शिक्षा का हब बनाना जरूरी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पश्चिमी यूपी को विकास से नहीं पिछड़ने दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि सरकार उनके लिए हर अवसर के बैरियर को हटाएगी।



### 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के 8 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया, जिससे 7 लाख युवाओं को रोजगार मिला। इसके अलावा साढ़े 7 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। एमएसएमई सेक्टर को पुनर्जीवन देकर 96 लाख यूनिट्स के साथ यूपी देश में नंबर एक बन गया है।

## प्रदेश में पांच लाख महिलाएं बनीं लखपति दीदी : सीएम मोहन यादव

**एजेंसी**

भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में करीब पांच लाख महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं, जो अच्छी पहल है। इससे अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए महिलाओं को विशेष आरक्षण दिया जा रहा है, जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। इसके पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने धर्मांतरण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और सरकार धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में फांसी की सजा तक का प्रावधान करने जा रही है। महिला दिवस के अवसर पर सीएम मोहन यादव ने कहा, "प्रदेश में जबरन धर्मांतरण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार ऐसे तत्वों को सख्त से सख्त सजा देने के लिए कानून में बदलाव करने जा रही है।" उन्होंने साफ किया कि धर्मांतरण रोकने के लिए कठोरतम दंड का प्रावधान किया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति छल, बल या प्रलोभन देकर किसी का धर्म परिवर्तन न करा सके।




महिला बाइक रैली में बोलीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

# महिलाओं को डर के साये में नहीं रहना चाहिए

- मुख्यमंत्री ने यह भी याद किया कि वह अपने विश्वविद्यालय के दिनों में काइनेटिक स्कूटर चलाया करती थीं। उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि बाइक रैली महिलाओं के साहस का प्रदर्शन है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं।

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने एक दैनिक अखबार की ओर से आयोजित एक महिला बाइक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला बाइक चालक सशक्तीकरण का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, 'आपने उन लोगों को गलत साबित कर दिया है जो कहते हैं कि महिलाएं कुछ चीजें नहीं कर सकतीं।' सम्मानित होने वाली सात महिलाओं में जम्मू-कश्मीर की पहली अंतरराष्ट्रीय कार रेसर हुमैरा मुश्ताक, अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान दिव्या काकरान, घरेलू हिंसा से पीड़ित और समान संघर्ष वाली महिलाओं के लिए गैर सरकारी संगठन की स्थापनाकरने वाली स्वीटी मेहता, मादक पदार्थों के लती लोगों के पुनर्वास के क्षेत्र में व्यापक रूप से काम करने वाली रेखा जिंदल।




## परिसीमन के मुद्दे पर संसद में आर-पार के मूड में द्रमुक, पार्टी की बैठक में प्रस्ताव पारित

**एजेंसी**

नई दिल्ली। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसदों ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने इस बैठक की अध्यक्षता की। चेन्नई के अन्ना अरिवालयम में आयोजित बैठक में पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने भाग लिया। बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि परिसीमन प्रक्रिया आगामी संसद सत्र का मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ ही परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन को धन्यवाद देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। एक प्रस्ताव में कहा गया कि डीएमके सांसद तमिलनाडु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन के प्रयासों का समर्थन करेंगे और इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया है कि तमिलनाडु को परिसीमन में एक भी सीट का नुकसान नहीं होना चाहिए। एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया कि डीएमके परिसीमन के खिलाफ लड़ाई में कर्नाटक और केरल सहित अन्य राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी। ऐसे राज्य जो परिसीमन के कारण सीटों का नुकसान झेलने वाले हैं, उनके साथ तालमेल बनाया जाएगा। डीएमके सांसद इसकी जिम्मेदारी लेंगे कि परिसीमन के खिलाफ लड़ाई के लिए सात राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब के साथ मिलकर काम करेंगे। ये वही राज्य हैं जहां परिसीमन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों के कम होने का खतरा है। तीसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि डीएमके सांसद, गठबंधन सांसद और इंडिया गठबंधन के सांसद मिलकर परिसीमन के खिलाफ सभी लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करेंगे।



# सम्पादकीय...

## डिजिटल आर्ट के उभरते क्षेत्र में बनाएं भविष्य

देश में हर क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है, उसे देखते हुए भारत में डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में कैरियर की जबर्दस्त संभावनाएं उभरी हैं। यहां एनीमेशन, गेमिंग, फिल्म, विज्ञापन और सोशल मीडिया इंडस्ट्रीज की मांग लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और वीआर (वर्चुअल रिएलिटी) के विकास के साथ डिजिटल आर्ट भविष्य के लिए एक प्रोमिसिंग क्षेत्र बनकर उभरा है। अगर साल 2025 से 2030 के बीच अनुमान लगाएं तो भारत में अकेले गेमिंग इंडस्ट्री ही 10 से 12 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर चुकी होगी। साल 2024 में ही यह 3 बिलियन टर्नओवर का सालाना आंकड़ा पार कर चुकी थी। गेमिंग इंडस्ट्री बड़े पैमाने पर डिजिटल आर्टिस्टों को अपने यहां नौकरी देती है, जबकि एनीमेशन और वीएफएक्स की मांग भी लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजहें बिल्कुल रियल एक्सपीरियंस देने वाला ओटीटी प्लेटफॉर्म, विज्ञापन उद्योग और फिल्में हैं। इंस्टाग्राम, यू-ट्यब और दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म में डिजिटल आर्टिस्टों की खूब मांग है। इस फील्ड में फ्रीलांस के भी अच्छे मौके हैं। इस क्षेत्र में प्रोमिसिंग कैरियर हासिल करने के लिए कुछ डिग्री पाठ्यक्रम और संस्थान श्रेष्ठ हैं। बता दें कि डिजिटल डिजाइन और विजुअल आर्ट में अहमदाबाद स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन में बेहतरीन कोर्स उपलब्ध हैं। यह डिग्री कोर्स करने के बाद नौकरी की हर तरफ संभावनाएं रहेंगी। वहीं सी-डैक संस्थान से मल्टीमीडिया और डिजाइन टेक्नोलॉजी से जुड़े कई सर्टिफिकेट कोर्स किये जा सकते हैं, जिसके बाद डिजिटल आर्ट में कैरियर की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा आईआईटी बॉम्बे के आईडीसी स्कूल ऑफ डिजाइन से इंट्रैक्शन डिजाइन और डिजिटल आर्ट के बेहतरीन कोर्स कर सकते हैं। इसके साथ ही एनीमेशन और वीएफएक्स पर केंद्रित कोर्स माया एकेडमी ऑफ एडवांस सिनेमेटिक्स से कर सकते हैं। इसी तरह पर्ल एकेडमी ऑफ दिल्लीध्मुंबई से डिजिटल आर्ट और डिजाइनिंग में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करके डिजिटल आर्ट क्षेत्र में कैरियर बनाया जा सकता है। डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में काम करना है तो विदेश में भी कई संस्थान बेहतर हैं। जैसे डिजिटल मीडिया विजुअल आर्ट्स में अमेरिका स्थित रोड आइसलैंड स्कूल ऑफ डिजाइन विश्व स्तरीय संस्थान है। अमेरिका में ही एनीमेशन और गेम आर्ट के लिए सेवंथ कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिजाइन प्रसिद्ध है। अगर फ्रांस में पढ़ना चाहते हैं तो यहां वीएफएक्स और डिजिटल एनीमेशन में विश्व स्तरीय संस्थान मौजूद है, जिसका नाम गोबलिन्स एल इकोड डी ला इमेज है। इसी तरह लंदन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स से भी डिजिटल आर्ट, ग्राफिक डिजाइन और थ्री डी आर्ट में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। गेमिंग कंपनियां जैसे यूवी सॉफ्ट, रॉक स्टार गेम्स, ईए स्पोर्ट्स, जिंगा और नजारा टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियां कई तरह की नौकरियां देती हैं। इसी तरह फिल्म और वीएफएक्स इंडस्ट्री में रेड चिलीज वीएफएक्स, एमटीसी, डीएनजीई, प्राइम फोकस और फ्रेम स्टोर जैसी कंपनियां नौकरी देने में आगे हैं। मीडिया विज्ञापन क्षेत्र में ऑगेलिग, वंडरमैन, थॉमसन, लियोवर्नेट आदि एड एजेंसियां काफी नौकरियां देती हैं। इसी तरह एआई और स्टार्टअप्स क्षेत्र में भी टीसीएस, इनफोसिस, विप्रो जैसी कंपनियां यूएक्सध्यूआई डिजाइन के लिए डिजिटल आर्टिस्ट हायर करती हैं।

## राशिफल

मेषः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

बृषभः- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अथार्भाववश चिंता संभव।

मिथुनः- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्यरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

कर्कः- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

कन्याः- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

तुलाः- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

वृश्चिकः- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

धनुः- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

मकरः- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

कुंभः- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

**ललित गर्ग**

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है। फिल्म छावा कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिड़का और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है? औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर हृजजियाह वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और



उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया।

उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा।

# कुछ खास...

## रंगभरे कैनवस पर रची गयी फिल्में

**कैलाश सिंह**

साल का यह समय वह है, जब फिजा में लाल, गुलाबी, पीले व हरे रंग बिखरे हुए हैं। इसके लिए होली का शुक्रिया अदा करना जरूरी है। रंगों के इस उत्सव का भारतीय संस्कृति में जबरदस्त महत्व है और इस अवसर की मौज-मस्ती का बॉलीवुड फिल्मकारों ने भरपूर फायदा उठाया है। रोमांस, ड्रामा व जज्बाती उतार-चढ़ाव की कहानियों को पेंट करने के लिए होली का इस्तेमाल कैनवस के रूप में किया गया। अनेक फिल्मों में कहानी आगे बढ़ाने के लिए होली पृष्ठभूमि के तौरपर प्रयोग की गयी। होली कब है? इस डायलॉग को गब्बर सिंह (अमजद खान) ने बोला था ताकि वह होली के अवसर पर रामगढ़ पर हमला कर सके। इस तरह कहानी को दिशा देने के लिए फिल्म में होली की उमंग व पृष्ठभूमि का प्रयोग किया गया। यही नहीं, रंगों का यह उत्सव वीरू (धर्मेंद्र) व बसंती (हेमा मालनी) के बीच प्रेम की पींगें बढ़ाने के लिए भी प्रयोग किया गया और इस अवसर पर जो गीत होली के दिन दिल खिल जाते हैं गाया गया वह तो होली प्लेलिस्ट का हिस्सा बन गया है। यश चोपड़ा की फिल्म सिलसिला में होली का सीन और चर्चित गीत रंग बरसे भी है, जो कहानी को महत्वपूर्ण मोड़ देने में भूमिका निभाता है। जैसे ही होली की तरंग सिर चढ़कर बोलती है वैसे ही अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) अपनी शर्म, संकोच को भूल जाते हैं। उनका प्रेम जगजाहिर हो जाता है और अमित की पत्नी शोभा (जया बच्चन) और चांदनी का पति डॉ. आनंद (संजीव कुमार) इस प्रेम लीला को देखते रहते हैं। यहीं से फिल्म के किरदारों में तनाव उत्पन्न होने लगता है। फिल्म मोहब्बतें में होली उत्प्रेरक का काम करती है, जिससे रीति-रिवाजों पर प्रेम को विजय हासिल करने का अवसर मिल जाता है। विद्रोही राज आर्यन मल्होत्रा (शाहरुखद्द खान) एहतियात को ताक पर रखकर अपने छात्रों को होली का जश्न मनाने के लिए ले जाता है। छात्र नाचते-गाते हुए प्रेम में गिरफ्तार हो जाते हैं और यह बात गुरुकुल के प्रधानाचार्य नारायण शंकर (अमिताभ बच्चन) को पसंद नहीं आती है। लेकिन तब तक होली की वजह से गुरुकुल में विद्रोह का बिगुल बज चुका होता है। अयान मुखर्जी फिल्म ये जवानी है दीवानी में बन्नी (रणबीर कपूर) और नैना (दीपिका पादुकोण) के जीवन में नया मोड़ आता है। नैना को बन्नी गंभीर व पढ़ाकू समझता था, लेकिन जब होली जश्न में वह नैना को बिंदास, मस्त रूप में देखता है तो उसका नैना के प्रति नजरिया बदल जाता है। हमें दोस्ती और मस्ती के पल बलम पिचकारी की धुन पर देखने को मिलते हैं। इसी तरह गोलियों की रासलीला राम-लीला फिल्म में जब राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) रंगों के बादलों में फ्लर्ट करते हैं, तो उनमें प्यार खिलने का अवसर मिल जाता है। फिल्म दामिनी की कहानी का आधार ही होली पर हुई घटना थी। एक गरीब घर की दामिनी (मीनाक्षी शेषाद्री) को एक रईस लड़का (ऋषि कपूर) नाचते हुए देखता है। अपने परिवार का विरोध करते हुए भी उससे शादी कर लेता है। लड़की उस खोखले समाज में अपने को मिसफिट पाती है, पर बर्दाश्त करती रहती है। लेकिन उसके सब्र का बांध उस समय टूट जाता है, जब होली पर उसके पति का छोटा भाई दोस्तों के साथ मिलकर घर की नौकरानी से सामूहिक बलात्कार करता है, और बाद में हत्या भी, जिसे दामिनी देख लेती है और अदालत से दोषियों को सजा दिलाती है। तो होली न सिर्फ रंगों व मस्ती का त्योहार है बल्कि प्रेम व्यक्त करने का अवसर भी।

जाहिर है ऐसी सिचुएशंस फिल्म वालों को बहुत पसंद आती हैं, इसलिए बहुत सी फिल्मों की कहानियों का ताना-बाना होली के इर्दगिर्द बुना गया और होली पर फिल्मी गानों की तो एक लम्बी सूची है। हालांकि फिल्मों में अब होली गाने न के बराबर हो गये हैं।

# गोरखपुर/भटहट आयुष विश्वविद्यालय का 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा निर्माण

गोरखपुर। भटहट ब्लॉक के पिपरी गांव में बन रहे प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का भवन लगभग तैयार हो गया है। 31 मार्च तक सभी अवशेष कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। अब यहां फिनिशिंग का काम भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। निर्माण पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन की तारीख तय होगी इस साल से नए भवन में ही शिक्षण कार्य होना है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का श्रेयांश 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते अक्टूबर में निरीक्षण कर विश्वविद्यालय का निर्माण 30 नवंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद से निर्माण कार्य में तेजी आई अब फिनिशिंग से संबंधित जो कुछ कार्य शेष हैं। वह तेजी से पूरा कारण जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अर्जुन मिश्रा ने बताया कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास चल रहा है विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहले आयुष विश्वविद्यालय में परंपरागत के साथ यूनिक पाठ्यक्रम भी शुरू करने की तैयारी की है विश्वविद्यालय की आगामी योजना में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और नेचुरोपैथी, के 12 पाठ्यक्रम को शामिल किया गया है।



# एम के प्रोफेशनल सेलून का भव्य शुभारंभ

गोरखपुर। महानगर के कूड़ाघाट स्थित एमके प्रोफेशनल सैलून एकेडमी नेचुरल ब्यूटी लेडीज सैलून का शुभारंभ गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने फीता काटकर किया। एकेडमी की मनप्रीत कौर ने बताया कि महिलाओं को जो सुविधाएं मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में मिलती हैं, वह यहां मिलेंगी। इस अवसर पर राजकुमारी गुप्ता, दीपक मिश्र, मनोज निषाद पार्षद, श्याम नारायण यादव, राघवेंद्र सिंह, मनोज आग्रहरी, लाल देव यादव, संतोष आर्या, राहुल सहानी आदि उपस्थित रहे।



# गोरखपुर जिला जेल कारागार में पहली बार प्राकृतिक रंगों से मनाई जाएगी होली

गोरखपुर। गोरखपुर जिला जेल कारागार के अधीक्षक दिलीप कुमार पांडे, व जेलर अरुण कुमार कुशवाहा, के द्वारा बताया गया कि इस बार होली में कैदियों के लिए खास तरह का पकवान परोसा जाएगा और साथ ही प्राकृतिक फूलों का रंग बनाया जा रहा है जैसे की गुलाब का फूल पालक की सब्जी गुड़हल का फूल और भी बहुत तरीके के फूल पत्तियों द्वारा प्राकृतिक रंग बनाया जा रहा है जिससे जिला कारागार में होली खेली जाएगी।



# स्व0 राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारे को कम से कम फांसी की सजा मिले: रत्नाकर सिंह

## पत्नी को सरकारी नौकरी,बच्चों की परवरिश के साथ 50 लाख रुपए सरकार प्रदान करें

गोरखपुर। सीतापुर के पत्रकार श्री राघवेंद्र वाजपेई की हत्या एक निकृष्टतम अपराध है जिसकी सजा फांसी से कम कतई मंजूर नहीं है उक्त विचार गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के तीन स्थाई स्तंभ को अवलंबन प्रदान करने वाला चतुर्थ स्तंभ है जिस पर प्रहार पूरे लोकतंत्र को छठ हल कर देता है श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय बाजपेई एक जुझारू निर्भीक पत्रकार थे जो दैनिक जागरण में रहकर समाज में अपना योगदान प्रदान करते थे उनकी हत्या एक दुर्घटना नहीं सुनियोजित साजिश है इसलिए सरकार इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई कर अपराधियों को न्यूनतम फांसी की सजा प्रदान करें साथ ही स्वर्गीय वाजपेई की पत्नी को सरकारी नौकरी उनके बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था के साथ उनके परिवार को कम से कम 50 लख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए श्री सिंह ने योगी सरकार से मांग की पत्रकारों पर होने वाले किसी भी प्रकार के हमले पर रोक के लिए सरकार को कड़े से कड़ा कदम उठाना चाहिए इस दौरान श्री सिंह, के साथ गोजए महामंत्री अरुण सिंह, प्रेस क्लब गोरखपुर के महामंत्री वहाब खान, प्रेस क्लब के संयुक्त मंत्री शीलवरधन प्रताप सिंह, प्रेस क्लब के तकनीकी प्रभारी सुनील सिंह, गोजए विधि सलाहकार समिति के दयाराम सोनकर, आकाश सिंह, प्रवीण मद्धेशिया, दबीर आलम, आदि उपस्थित थे इस दौरान स्वर्गीय राघवेंद्र वाजपेई को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।



**गोरखपुर। विधान परिषद सदस्य श्री धर्मेंद्र सिंह तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री राजेश गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिर्जापर चौराहे हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया एवं होली की शुभकामनाएं दिया।**



# होली मिलन सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न

जायसवाल विकास समिति गोरखपुर के तत्वावधान में जायसवाल परिवार का होली मिलन सम्मान समारोह के साथ शगुन मैरेज हाउस शिवपुर सहवाजगंज गोरखपुर में सहभोज के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्री मती चारू चौधरी , उप जिलाधिकारी श्री अमित कुमार जायसवाल,एयर कमाण्डर कैन्सर सर्जन श्री प्रदीप जायसवाल,मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे श्री प्रकाश चन्द्र जायसवाल,भारतीय वैश्य महासम्मेलन के उपाध्यक्ष श्री अरविंद विक्रम चौधरी ,पूर्व अपर जिला जज श्री दुर्गा प्रसाद जायसवाल, केन्द्रीय अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र स्वरूप जायसवाल, मुख्य संरक्षक श्री कृष्ण मुरारी जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल, विशिष्ट आजीवन सदस्य श्री गिरिजा शंकर,अपर सांख्यिकीय अधिकारी विजय जायसवाल,महामंत्री श्री अजय कुमार जायसवाल ,महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीना जायसवाल, महामंत्री श्रीमती सीता जायसवाल, संरक्षक श्री अवधेश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश,नरेन्द्र जायसवाल ने दीप जलाकर किया। समारोह का संचालन करते हुए संयुक्त मंत्री श्री रमेश कुमार जायसवाल ने समिति के पदाधिकारियों व महिला समिति के सदस्यों से बैच लगवा कर पदभार ग्रहण कराया। केन्द्रीय महामंत्री अजय कुमार जायसवाल ने समिति की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीना जायसवाल के निर्देशन मे मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम बन्दना कुल देव का- कर्ता तू मेरा, धरता तू मेरा, बोल राधा बोल,बलम केशरिया ,आ बलम नदिया के किनारे राधा धीरे धीरे चल,मुरलियादे दो राधा होली गीत प्रस्तुत किया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र स्वरूप जायसवाल ने मुख्य अतिथि चारू चौधरी द्वारा श्यामा देवी सामान्य ज्ञान छात्र वृत्ति में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्राईमरी, जूनियर, हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट वर्ग के बच्चों को 10,000/ रूपए की छात्र वृत्ति एवं प्रतिभाग़ी 62 बच्चों को पुरस्कार वितरण और 34 नये आजीवन सदस्यो को प्रमाण पत्र वितरित कर शपथ दिलाई तथा 70 वर्ष आयु पूरी कर लिए आजीवन सदस्य श्री राजेन्द्र प्रसाद,दुर्गा प्रसाद जायसवाल,हरिद्वार,श्रीकृष्ण प्रसाद गुप्ता,ई0 हरिश्चन्द्र जायसवाल तथा नव नियुक्त अध्यक्ष समस्त व्यापार मण्डल गोरखपुर श्री नितिन जायसवाल,प्रसार मंत्री सुरेश चन्द्र जायसवाल को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती चारू चौधरी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रदीप, प्रकाश चन्द्र जायसवाल,अरविन्द विक्रम चौधरी ,महिला अध्यक्ष श्रीमती रीना जायसवाल ने होली की बधाई देते हुए देश के विकास में लोगों को समाज सेवा से प्रेरित होना बताते हुए कहा कि पहले के समय में बच्चों का भविष्य मां की गोद में तय होता था परन्तु आज के समय में हमारे बच्चों का भविष्य शिक्षा और जाति के ऊपर तय हो रहा है। इसके लिए हम सभी को सजक और संगठित होना पड़ेगा। सभाध्यक्ष श्री बृजेन्द्र स्वरूप जायसवाल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ कर समाज व देश को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं क्योंकि शिक्षा जीवन का मूल आधार है, पुरस्कार व सम्मान से व्यक्ति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। कबीर ऑयल मिल के प्रोपराइटर श्री गिरिजा शंकर जायसवाल ने समिति को प्रति वर्ष 25 हजार सामाजिक कार्य के लिए और 25 हजार होली समारोह के निमित्त देने की घोषणा कर 25 हजार रूपए का चेक केन्द्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र स्वरूप जी को प्राप्त कराया और सम्बोधन में कहा कि हम संगठन के माध्यम से समाज की रूढ़िवादिता को दूर कर समाज से देश को आगे बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम सक्रीय सदस्य श्री अजय ,मनीष,सुधानन्द,सुधीर,सुरेशचन्द्र तथा श्रीमती रीना सिंधु,शालिनी,रिंकू,सुनीता ,ललिताजी की देख रेख मे सम्पन्न हुआ। अन्त में कार्य क्रम संयोजक श्री सुरेश चन्द्र व हरिओम ने आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तत्पश्चात् लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए सहभोज किया।



# गोरखपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रमजान शरीफ व होली पर्व और ईद को लेकर पुलिस व्यवस्था हुई सख्त

गोरखपुर। रमजान शरीफ का पवित्र महीना चल रहा है,14 मार्च को होली है और होली के दिन ही सीएम योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा निकलेगी फिर अलविदा की नमाज के बाद ईद का त्योहार मनाया जाएगा इन सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए गोरखपुर की पुलिस अलर्ट है एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देश पर पुलिस ने सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली है सभी थानों पर पीस मीटिंग करके आमजनमानस से सहयोग की अपील की गई साथ ही अराजकता फैलाने वालों से कड़ाई से निपटने की गोरखपुर पुलिस से तैयारियां भी कर ली है। गोरखपुर की पुलिस पूरी तरह से सतर्क और सजग है लगातार अपने अपने क्षेत्र में पुलिस गश्त कर हर एक गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए है। होली के दिन निकलने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शोभायात्रा को लेकर गोरखपुर की शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस कड़ी मेहनत करके हर एक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।



# हत्या का अपराध करने के आरोप में 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू व फावड़ा बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा हत्या संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला के प्रयवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गोला मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 90/2025 धारा 191(2),191(3),190,103(1),351(3) भा0न्या0सं0 व 3(2)(V),3(2)(VA) एससी0/एसटी0 एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त 1.अमरदीप शर्मा, 2.जोगिन्दर उर्फ योगेन्द्र को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद चाकू व 01 अदद फावड़ा बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी ।



**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.03.2025 को वादी के भाई बिना बताये घर से कहीं चले गये और घर वापस नही आये । वादी द्वारा अपने भाई को फोन करने पर सम्पर्क नही हो पा रहा था । दिनांक 08.03.2025 को खोजबीन करने पर वादी के भाई का शव गाँव में ही गेहू के खेत में मिला । पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा अपने साथियों 1. बृजमोहन शर्मा पुत्र कृपाशंकर शर्मा व 2. हेमंत उर्फ मोनू शर्मा पुत्र स्व0 जमुनाधर शर्मा निवासीगण खिरकिटा दीगर थाना गोला गोरखपुर के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर वादी के भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम, पता व आपराधिक इतिहास-**

1.अमरदीप शर्मा पुत्र हरिहर शर्मा निवासी खिरकिटा दीगर थाना गोला जनपद गोरखपुर

I. मु0अ0सं0 481/98 धारा 147,148,504,506,308 भा0द0सं0 थाना गोला जनपद गोरखपुर

II. मु0अ0सं0 90/25 धारा 191(2),191(3),190,103(1), 351(3) बीएनएस व 3(2)(v), 3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट व 4/25 आर्म्स ऐक्ट थाना गोला जनपद गोरखपुर

2. जोगिन्दर उर्फ योगेन्द्र शर्मा पुत्र स्वामीनाथ शर्मा निवासी खिरकिटा दीगर थाना गोला जनपद गोरखपुर

I. मु0अ0सं0 210/16 धारा 323,504,506,427 भा0दं0सं0 थाना गोला जनपद गोरखपुर

II. मु0अ0सं0 428/18 धारा 147,323,504,506,452 भा0दं0सं0 थाना गोला जनपद गोरखपुर

III. मु0अ0सं0 470/18 धारा 323,504,506,354 भा0दं0सं0 थाना गोला जनपद गोरखपुर

IV. मु0अ0सं0 90/25 धारा 191(2),191(3),190,103(1), 351(3) बीएनएस व 3(2)(v) ,3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्त थाना गोला जनपद गोरखपुर

**प्रकाश में आये अभियुक्तगण का नाम व पता-**

1. बृजमोहन शर्मा पुत्र कृपाशंकर शर्मा निवासी खिरकिटा दीगर थाना गोला गोरखपुर
2. हेमंत उर्फ मोनू शर्मा पुत्र स्व0 जमुनाधर शर्मा निवासी खिरकिटा दीगर थाना गोला गोरखपुर

# रोजेदारों को इफ्तार कराने से मिलता है सवाब : अशरफ अली

## रोजेदार भूखे-प्यासों के भूख की हालत बेहतर समझ सकता है : नवाब फारुक अशरफ

गोरखपुर। रोजेदार को इफ्तार कराना और गरीब एवं बेसहारा की मदद करने से अल्लाह तआला बहुत खुश होते हैं और अपने बंदों को इसका इनाम देते हैं। यह बातें ऑल इण्डिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद अशरफ अली ने मदरसा मजहरुल उलूम घोसीपुरवा में आयोजित सामूहिक रोजा- इफ्तार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रमजान का पूरा महीना ही बरकतों वाला है। उन्होंने कहा कि जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है, अल्लाह उसे बेशुमार सवाब देता है। हदीस में इस बात का जिक्र किया गया है कि जो लोग रोजेदारों को खुशी-खुशी इफ्तार कराते हैं तो कयामत के दिन हजरत मुहम्मद साहब उसको इनाम के लिए सिफारिश करेंगे। उन्होंने कहा कि एक दफा कुछ लोग अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद साहब के पास आए और पूछा कि जो गरीब हैं और रोजेदार को इफ्तार कराने की हैसियत में नहीं हैं वे कयामत के दिन आपके सिफारिशों से महरूम रह जाएंगे। इसका फायदा उन्हें होगा जो अमीर होंगे,



वह ज्यादा से ज्यादा रोजेदारों को इफ्तार कराकर सिफारिशें के हकदार बन जाएंगे। जवाब में मुहम्मद साहब ने कहा इफ्तार का मतलब यह नहीं है कि किसी को भर पेट खिलाया जाए, बल्कि रोजेदार को एक खजूर या एक घूंट पानी पिला देगा तब भी उसे वही दर्जा मिलेगा। मैं तो उसकी सिफारिश करूंगा ही साथ ही अल्लाह तआला भी उसे बेशुमार सवाबों से नवाजेंगे। अल्लाह तआला के दरबार में कोई अमीर गरीब नहीं होगा। बल्कि उनका कद ज्यादा ऊंचा होगा, जिसने अल्लाह और उनके रसूल के बताए हुए तरीके पर चलेगा। इस मौके पर घोसी महासभा यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव नवाब फारुक अशरफ ने कहा कि रोजेदार की पूरी कोशिश होनी चाहिए कि रमजान के महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और झूठी बातों से बचें। इसके साथ ही गरीब, मजबूर और बेसहारा लोगों की मदद के लिए भी आगे आएं। उन्होंने कहा कि रोजेदार भूखे प्यासे इंसान की हालत बेहतर समझ सकता है। इसलिए उसके अंदर गरीबों एवं मुफलिसों के प्रति हमदर्दी का जज्बा पैदा होता है। इस अवसर पर रोजेदारों के अलावा समाजसेवियों, अधिवक्ताओं, डाक्टरों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय बारी संघ राष्ट्रीय कानपुर का होली मिलन समारोह सम्पन्न

कानपुर। आज अखिल भारतीय बारी संघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के तत्वाधान में सनातन गर्व अमृतमहाकुम्भ पर्व एवं भाईचारे की भावना से परिपूर्ण होली मिलन समारोह दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे श्रीराम आस्था गेस्ट हाऊस बर्रा-5 कानपुर में मनाया गया। मुख्यअतिथि कर्तव्यनिष्ठ जनसेवक माननीय श्री सुरेन्द्र मैथानी जी (विधायक) गोविन्द नगर कानपुर गरिमामयी उपस्थित होकर अपना आर्शिवाद प्रदान कर समस्त बारी बन्धुओं महिलाशक्ती एवं नवयुवकों के संग फूलों की होली खेलकर गौरवान्वित करने का कार्य किया। वरिष्ठ बारी



बन्धुओं द्वारा माननीय मुख्यअतिथि जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आयोजन का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री रामलखन बारी, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री गोविन्द कुमार बारी ने किया। समारोह के गणमान्य आयोजकों द्वारा समस्त सजातीय बन्धुओं एवं वरिष्ठ समाजसेवियों, महिलाओं, नवयुवकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उपस्थितिः राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश बारी, रा० महामंत्री रामलखन बारी, रा०का० मंत्री गोविन्द बारी, रा०उपाध्यक्ष रजनीकान्त महेशशंकर, प्रेमशंकर रावत, विनोद वर्मा, सुशील, गोरेलाल, कल्लू, प्रभाकर चन्द्रप्रकाश, पुनीत, आनन्द, जयशंकर, रमाकान्त, नरेन्द्र रावत, नीरज, शरद, शशिनाथ, रामकुमार, रामशंकर, कृपाशंकर, पुन्नीलाल, हरिशंकर, पूरनलाल, रोशन, ओम, अशोक रावत समस्त महिलाओं एवं नवयुवक आदि। जातीय एवं सामाजिक उत्थान हेतु अपने सम्मानित समाचार पत्र पर प्रकाशित करने की कृपा करें। हम सब आपके आभारी रहेंगे।

# होली मिलन समारोह में "नारी रत्न" सम्मान से सम्मानित हुईं ममता गुप्ता

- भारत का अपना भाव है देश में चले भाईचारा : चारु चौधरी
- सामाजिक समरसता का परिचायक है होली : आसरा दीदी
- आसरा फाउंडेशन के होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर-गुलाल, कवयित्रियों, कवियों और शायरों ने कविता व शायरी के रंग की भरी हुंकार

गोरखपुर। सामाजिक समरसता और लोक आस्था का महापर्व होली मिलन समारोह का आयोजन आसरा फाउंडेशन के तत्वावधान में तरंग स्थित रेड रोज रेस्टोरेंट में आयोजित होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें में एक दूसरे को लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए एक दूसरे को गले लगाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस विभाग की आरक्षी ममता गुप्ता को नारी रत्न सम्मान और शॉल, स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन हुआ। जिसमें कवयित्रियों, कवियों और शायरों ने अपने मुक्तक और रंग भरी शायरी से श्रोताओं को ओतप्रोत करते हुए भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर आस्था फाउंडेशन की अध्यक्ष कंचन त्रिपाठी "आसरा दीदी" ने कहा कि होली सामाजिक समरसता का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि समाज में काम करने वालों को समतामूलक समाज में सम्मान चाहिए। हमें जातिगत विषमता दूर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महिला राज्य आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने कहा कि सामाजिक भेदभाव को दूर करने की जरूरत है। तभी जाकर होली मिलन समारोह की सार्थकता साबित होगी। उन्होंने कहा कि सारे त्योहारों एक ही उद्देश्य है कि देश में भाईचारा कायम रहे, यही भारत का अपना भाव है। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने और संचालन वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार मुर्तजा हुसैन रहमानी, शिवानी भूषण एवं मृत्युंजय उपाध्याय नवल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव, प्रेस क्लब अध्यक्ष रीतेश मिश्रा, विजय उपाध्याय, शैलेश त्रिपाठी मोबाइल बाबा, कुन्दन उपाध्याय, वरिष्ठ समाजसेवी कंचन सोनी, ब्रजेश सिंह, ओंकार धर द्विवेदी, गजेन्द्र त्रिपाठी,



अजीत यादव, मुर्तजा हुसैन रहमानी एवं डीके गुप्ता ने होली मिलन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरिता सिंह, एकता उपाध्याय, मृत्युंजय उपाध्याय नवल, आकृति तिवारी, मोहम्मद युनूस अंसारी, नवीन श्रीवास्तव नसीम सिद्दीकी अरविंद वर्मा शिवम पांडेय, रीता मिश्रा, शांति भवानी, आरती श्रीवास्तव, वंदना गुप्ता, शिवानी भूषण, आभा, ममता, लक्ष्य जार्ज, चंदन मिश्रा अनामिका पंडित रामकृष्ण मणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग में मौजूद रहे।

# गोरखपुर थाना गोरखनाथ द्वारा धोखाधड़ी करने वालों के ऊपर कसा गया कानूनी शिकंजा

- कूटरचना व धोखाधड़ी कर जमीन का अवैध बैनामा करने के आरोप में 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हुते चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत



मु0अ0सं0 114/2025 धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त जयप्रकाश दुबे व अभियुक्ता सरिता मिश्रा को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा फर्जी व कूट रचित दस्तावेज तैयार कर स्वयं जमीन का मालिक बनकर वादी मुकदमा की जमीन बैनामा करने व 10 लाख पैसा हड़पने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का नाम व पता-**

1. जयप्रकाश दुबे पुत्र कौशल कुमार दुबे निवासी सी-49विकासनगर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
2. सरिता मिश्रा पत्नी संजय मिश्रा निवाली बालापार मानीराम थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर

# गुरुवार के दिन गोरखपुर फातिमा हॉस्पिटल में अंतरराष्ट्रीय किडनी दिवस व टेक्नीशियन दिवस मनाया गया जिसमें टेक्नीशियन को ट्रॉफी से सम्मानित कर उनके कार्य की सराहना की गई

गोरखपुर। फातिमा अस्पताल पादरी बाजार गोरखपुर में दिनांक 13/03/2025 दिन गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय किडनी एवं लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया अस्पताल के प्रांगण में दोपहर 2:00 बजे मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय डॉ0 विजय प्रताप सिंह, डी.एम, वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट, द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय किडनी दिवस के बारे में संदेश देते हुए कहा डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, और अस्वस्थ जीवनशैली किडनी रोगों के प्रमुख कारण है, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी पीना और व्यायाम किडनी को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं, इसके साथ ही लैब टेक्नीशियन दिवस के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी लैब टेक्नीशियन जो रोगों की सटीक पहचान और इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि सटीक डायग्नोसिस, के बिना उचित इलाज संभव नहीं है,यह कार्य लैब टेक्नीशियन बखूबी निभाते हैं, आए हुए अतिथियों के स्वागत के उपरांत फातिमा हॉस्पिटल के एसोसिएट निर्देशक आदरणीय फा0 शीजो अगस्टीन ने सभी स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि विश्व किडनी दिवस किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति




जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है, इसलिए हमें अपनी किडनी का खास ध्यान रखना चाहिए लैब टेक्नीशियन दिवस पर उन्होंने कहा कि लैब टेक्नीशियन विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल, माइक्रोबायोलॉजिस्टकल, और बायोकैमिकल जांच करके बीमारियों के सही निदान में मदद करते हैं, फातिमा अस्पताल में किडनी मरीज की डायलिसिस, के 24 घंटे, सुविधा उपलब्ध हैं, साथ एन ए,बी,एल प्रमाणित लैब में मरीजों की संपूर्ण रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध है, अस्पताल मरीज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, और इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय किडनी एवं लैब टेक्नीशियन दिवस के अवसर पर अस्पताल द्वारा सभी टेकनीशियन के लिए चिकित्सा शिक्षा (Continuing Medical Education) आयोजित की गई और ट्रॉफी से उनको सम्मानित किया गया, मुख्य अतिथि डॉ विजय प्रताप सिंह, डी.एम वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट, फादर विल्सन एसोसिएट निदेशक, सिस्टर लता एम,एस,जी, डॉक्टर दिव्या राय पैथोलॉजिस्ट, सिस्टर रम्या, अस्पताल के समस्त चिकित्सा एवं समस्त विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे 1995 में स्थापित फातिमा अस्पताल की सेवाएं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना(PMJAY), भतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना(ECHS), पूर्वोत्तर रेलवे, एच, ए,एल, एन, टी, पी, सी,, भारतीय विमानपततन प्राधिकरण(AAI), गोरखपुर एस,बी,आई,(SBI), फ्यूचर जनरली हेल्थ इंश्योरेंस एवं मा0 मुख्यमंत्री विवेका कोष, उत्तर प्रदेश आदि से इम्पैनलमैंट है,तथा 24 घंटे इमरजेंसी सेवा,ब्लड बैंक, फामेर्सी एवं एंबुलेंस सेवा उपलब्ध है।

# व्हाइट टैंक टॉप और डेनिम शॉर्ट्स में दिशा पाटनी ने दिए हॉट पोज, कातिलाना अदाएं देख मदहोश हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनका एक कैजुअल समर लुक सामने आया है, जो गर्मियों के लिए परफेक्ट है। दिशा ने व्हाइट और डेनिम के क्लासिक कॉम्बिनेशन को अपने खास अंदाज में कैरी किया, जिससे उनका स्टाइल और भी ग्लैमरस लग रहा था। दिशा ने एक फिटेड बॉडी-हगिंग व्हाइट टॉप पहना, जिसकी स्ट्रैपी डिजाइन ने उनके लुक में स्टाइलिश ट्विस्ट जोड़ा। इसे उन्होंने डिस्ट्रेस्ड डेनिम शॉर्ट्स के साथ पेयर किया, जिससे उनका लुक एकदम कूल और समर-फ्रेंडली लग रहा था। दिशा ने अपने लुक को ज्यादा एक्सेसरीज से ओवरलोड नहीं किया, बल्कि एक सिम्पल लेकिन खूबसूरत चेन नेकलेस के साथ इसे कंप्लीट किया। उनका यह मिनिमलिस्टिक स्टाइल ट्रेंडी और एलिगेंट दोनों लग रहा था। दिशा ने अपने मेकअप को नेचुरल रखा और स्किन पर ड्यूई फिनिश चुना। उनके सॉफ्ट पिंक ग्लॉसी लिप्स ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए। हेयरस्टाइल की बात करें तो उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट वेव्स में खुला रखा, जो उनके कैजुअल लुक को परफेक्ट बैलेंस दे रहा था। अगर वर्कफ्रंट की बात करें, तो दिशा हाल ही में पंजाबी सिंगर करण औजला के गाने श्ज्मसस डमश् में नजर आई थीं। इस म्यूजिक वीडियो में दिशा का ग्लैमरस अवतार फैंस को खूब पसंद आया था। दिशा का यह समर लुक यंग गर्ल्स के लिए एक परफेक्ट स्टाइल इंस्पिरेशन है। अगर आप भी गर्मियों में कंफर्ट और स्टाइल को बैलेंस करना चाहती हैं, तो इस लुक को ट्राई कर सकती हैं।



## डांस की धुन पर बुनी पिता-पुत्री की इमोशनल कहानी है बी हैप्पी

फिल्मः बी हैप्पी

स्टारकास्टः अभिषेक बच्चन ,नोरा फतेही ,इनायत वर्मा ,हरलीन सेठी ,नासर

निर्देशकः रेमो डिसूजा

ओटीटी प्लेटफार्मः प्राइम वीडिया

रेटिंगः 3

बी हैप्पीः डांस से रिलेटेड कई फिल्मों ने दर्शकों को छुआ है ऐसी ही एक फिल्म आई है। ठम भ्ंचचल यह सिर्फ एक डांस फिल्म नहीं है, यह एक पिता और बेटी के रिश्ते की कोमल भावनाओं को दर्शाने वाली कहानी है। रेमो डिसूजा इस बार स्टेज पर थिरकते कदमों के साथ दिल को छू जाने वाले जज्बातों की कहानी लाए हैं। फिल्म सपनों, संघर्ष और रिश्तों की उस डोर को छूती है, जो हर दर्शक को जोड़ने की कोशिश करती है। आइए जानते हैं कैसी है फिल्म बी हैप्पी।

**कहानी**

कहानी है शिव रस्तोगी (अभिषेक बच्चन) और उसकी बेटी धारा (इनायत वर्मा) की। शिव एक बैंक कर्मचारी है और अकेले अपनी बेटी की परवरिश कर रहा है। धारा का सपना है देश के सबसे बड़े डांस रियलिटी शो में हिस्सा लेना। स्कूल में जीत के बाद उसकी डांस टीचर मैगी (नोरा फतेही) उसे मुंबई आने के लिए कहती हैं। शुरूआत में हिचकिचाहट के बाद शिव अपनी बेटी के सपने के लिए मुंबई ट्रांसफर ले लेता है। सब कुछ ठीक चलता है, लेकिन फिर धारा को बोन कैंसर होने का पता चलता है। अब सवाल उठता है कृ क्या धारा अपने सपने को पूरा कर पाएगी?





**अभिनय**

अभिषेक बच्चन ने पिता के किरदार में गहराई और संवेदना के साथ शानदार अभिनय किया है। इनायत वर्मा ने धारा की भूमिका में मासूमियत और एनर्जी भर दी है। नोरा फतेही अपने किरदार में ठीक रही हैं और डांस सीक्वेंस में प्रभावशाली दिखीं। नासर एक मजबूत सहायक भूमिका में नजर आते हैं। जॉनी लीवर का किरदार कमजोर लिखा गया, जिससे उनका टैलेंट पूरी तरह सामने नहीं आया।

## आमिर अली ने होली पर लड़की के साथ कर दी ऐसी गंदी हरकत! भड़के यूजर्स ने लगा दी क्लास





देशभर में 14 मार्च को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। आम जनता से लेकर बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के सितारे भी इस रंगों के त्योहार में सराबोर नजर आए। इसी बीच मशहूर एक्टर आमिर अली का होली सेलिब्रेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक्ट्रेस अंकिता कुकरेती के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो के चलते आमिर को जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है। वायरल वीडियो में आमिर अली को अंकिता कुकरेती के गालों पर गुलाल लगाते हुए देखा जा सकता है। ग्रे टी-शर्ट और जींस पहने आमिर, अंकिता को रंग लगाते-लगाते उनकी गर्दन और छाती पर भी रंग मलते दिखाई देते हैं। आमिर और अंकिता के इस होली सेलिब्रेशन को देखकर फैंस के अलग-अलग रिएक्शन सामने आ रहे हैं। कई लोगों को आमिर का यह अंदाज पसंद नहीं आया और उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर की। आमिर अली के इस वीडियो पर सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कुछ यूजर्स ने उनकी हरकत को अनुचित बताया, तो कुछ ने उन्हें बुरी तरह ट्रोल करना शुरू कर दिया।

# फुटबॉल नर्सरी की डबल जीत

## 17वें और अंतिम मिनट में खिलाड़ियों ने पलट दी बाजी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। फुटबॉल नर्सरी की ओर से शनिवार शाम बरेका इंटरमीडिएट मैदान पर सब जूनियर अंडर-13 फुटबॉल मैच खेला गया। उद्घाटन मैच में फुटबॉल नर्सरी की टीम ने पहाड़ी गांव की टीम को एक गोल से मात देकर अगले राउंड में जगह बनाई। निर्णायक गोल दूसरे हाफ के 17वें मिनट में श्रद्धा ने किया और फुटबॉल नर्सरी को जीत दिला दी। पहले दिन खेले गए दोनों मुकाबलों में फुटबॉल नर्सरी ने पूरे अंक जुटाए। कोच भैरव दत्त ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा। बालिका और बालक वर्ग में तीन-तीन टीमें हिस्सा ले रही हैं। बालिका वर्ग के पहले मैच में फुटबॉल नर्सरी की टीम में तेज खेल दिखाया। पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर छूटा। दूसरे हाफ का पहला गोल खुशी ने 8वें मिनट में किया और टीम को बढ़त दिलाई। जवाब में पहाड़ी टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी मन्नत ने 12वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 की बराबरी पर कर दिया। निर्णायक गोल 17वें मिनट में फुटबॉल नर्सरी की श्रद्धा ने किया और टीम को 2-1 से जीत दिला दी। रविवार को बालक और बालिका वर्ग का



दूसरा मैच खेला जाएगा। सोमवार को फाइनल होगा।बालक वर्ग के पहले मुकाबले में फुटबॉल नर्सरी की बी टीम ने ए टीम को 3-2 से हराकर प्रतियोगिता के दूसरे चक्र में प्रवेश कर लिया। लीग का दूसरा मैच रविवार को फुटबॉल नर्सरी की बी टीम और पहाड़ी गांव की टीम के बीच होगा। पहला गोल फुटबॉल नर्सरी की ए टीम की ओर से फॉरवर्ड खिलाड़ी आयुष ने पहले हाफ के 5वें मिनट में किया। 12 मिनट तक कोई गोल नहीं हुआ। हाफ टाइम की सिटी बजने से एक मिनट पहले बी टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी अंकित ने मैदानी गोल कर टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किए, लेकिन सफलता ए टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी रौनक सिंह को 9वें मिनट में मिली। जब आक्रामक गोल दागकर टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। टीम बी के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया। छोटे-छोटे पास के सहारे टीम ए के गोलपोस्ट पर हमला किए। रूबल ने लगातार दो गोल कर टीम को 3-1 से जीत दिला दी प्रदेशस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में खेलने वाली जिला और मंडल की टीम का चयन ट्रायल रविवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह नौ बजे से होगा। वाराणसी मुक्केबाजी संघ के सचिव जनार्दन यादव ने दी है।

बताया कि होली की वजह से मुक्केबाजी के चयन ट्रायल की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह ट्रायल 15 और 16 मार्च को होना था, लेकिन 15 मार्च के ट्रायल को भी 16 मार्च को कराने का निर्णय लिया गया है। बताया कि जिला और मंडल दोनों का चयन ट्रायल 16 मार्च को होगा। मेरठ जिला क्रिकेट संघ की ओर से मास्टर वैभव टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 18 मार्च को गांधी बाग क्रिकेट एकेडमी में खेला जाएगा। मेरठ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मुरादाबाद समेत कई जिलों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी प्रतियोगिता की शुरूआत कराएंगे। टूनामेंट क्रिकेटर वैभव की याद में होगा है। श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय (जेजेटी यूनिवर्सिटी) राजस्थान में होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय क्वान-कीडो प्रतियोगिता के लिए काशी विद्यापीठ की टीम घोषित कर दी गई है। रविवार को टीम राजस्थान जाएगी। टीम के प्रभारी डॉ. अमरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 16 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। 18 से 20 मार्च तक महिला वर्ग में कोमल भारद्वाज, पूनम सिंह, अदिति सोनकर, अनुभूति और शशिकला मौर्या का चयन हुआ। पुरुष वर्ग में आर्यन पटेल, रोशन मौर्य, अवनिश, सौरभ, अनुभव, अभिषेक, मोहित, सिद्धार्त, विवेक, विनय और हर्ष चयनित हुए हैं। टीम कोच रेखा मार्य और प्रबंधक डॉ. दिनेश को बनाया गया है। सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालिका बास्केटबॉल में सिगरा स्टेडियम की टीम ने रथयात्रा एकादश को दो अंक से हरा दिया। लालिमा चौबे ने छह अंक से स्कोर कर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोच नागेंद्र चौरसिया ने बताया कि सिगरा स्टेडियम की टीम ने रथयात्रा एकादश की टीम को 11-9 से हराया।

## हरमनप्रीत ने दूसरी बार मुंबई इंडियंस को बनाया विजेता

**एजेंसी**

नई दिल्ली। टूनामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20



ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया नेट सिवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। इसी के साथ मुंबई एक बार फिर महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में कामयाब हुई। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले हरमनप्रीत कौर की टीम ने दिल्ली को पहले संस्करण के फाइनल में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को उसके बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। टीम ने महज 44 के स्कोर पर चार विकेट गंवाए। कप्तान मेग लैनिंग 13 और शेफाली वर्मा सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेस जोनासन को अमेलिया कर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 13 रन बना सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 30 रन बनाए। वहीं, एनाबेल सदरलैंड दो, सारा ब्राइस ने पांच, मिन्नू मणि ने चार रन बनाए। निकी प्रसाद 25 और श्री चरणी तीन रन बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई के लिए नेट सिवर ब्रंट ने तीन जबकि अमेलिया कर ने दो विकेट लिए। वहीं, शबनम इस्माइल, हीली मैथ्यूज और साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली।इस मैच में मुंबई के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। नेट सिवर ब्रंट और हरमनप्रीत कौर के अलावा उनका कोई बल्लेबाज दिल्ली की घातक गेंदबाजों के खिलाफ नहीं टिक सका। टीम ने 14 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। मारिजन कप ने हीली मैथ्यूज (3) और यास्तिका भाटिया (8) को अपना शिकार बनाया।

## न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला

# 12 करोड़ की धोखाधड़ी में कपिल देधिया गिरफ्तार, ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी**

नई दिल्ली। ईओडब्ल्यू ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में गड़बड़ी के मामले में वांछित आरोपी कपिल देधिया को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में ईओडब्ल्यू ने बताया कि देधिया को कल वडोदरा में एक समन्वित अभियान के तहत पकड़ा गया और आज मुंबई लाया गया।मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में गड़बड़ी के मामले में वांछित आरोपी कपिल देधिया को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में ईओडब्ल्यू ने बताया कि देधिया को कल वडोदरा में एक समन्वित अभियान के तहत पकड़ा गया और आज मुंबई लाया गया।

गिरफ्तारी के बाद, कपिल देधिया को शनिवार सुबह 11:30 बजे अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 19 मार्च, 2025 तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया ईओडब्ल्यू ने जांच को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि अब तक के जांच से यह खुलासा हुआ है कि कपिल देधिया के खाते में कुल 12 करोड़ रुपये जमा किए गए थे, जो बैंक से गलत तरीके से निकाले गए धन का हिस्सा थे। यह राशि दो मुख्य स्रोतों से आई थी। इसमें एक हिस्सा धर्मेश रियल्टी के बिल्डर धर्मेश पौन से प्राप्त हुआ था, जबकि दूसरा हिस्सा




अरुणाचलम नामक व्यक्ति द्वारा ट्रांसफर किया गया था, जो मामले में एक और वांछित आरोपी है। इसके अतिरिक्त, उसे कथित तौर पर हितेश मेहता से भी धन प्राप्त हुआ था।आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा मामले की जांच अब भी जारी है। मामले में अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में आगे की जांच से और भी जानकारी प्राप्त हो सकती है और गड़बड़ी में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान की जाएगी।मुंबई पुलिस ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक, लेखा प्रमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ 122 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज किया था। मामले को आगे की जांच के लिए मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया था।मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया था, 'बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने 14 फरवरी को मध्य मुंबई के दादर पुलिस थाने में जाकर पैसे के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई।'

# आईपीएल से पहले ईशान किशन ने दिखाए तेवर

## 16 गेंदों में जड़ दिया अर्धशतक

**एजेंसी**

नई दिल्ली। 26 वर्षीय बल्लेबाज ने यह कारनामा सनराइजर्स हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वॉड मैच में किया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में उन्होंने महज 16 गेंदों में पचासा जड़ा। इस दौरान वह 23 गेंदों में 64 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे।स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन अब आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते नजर आएंगे। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें 11.25 करोड़ रुपये में खरीदा। इससे पहले वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। दिलचस्प बात यह है कि एसआरएच में पहुंचते ही युवा बल्लेबाज ने अपने तेवर दिखा दिए हैं। उन्होंने महज 16 गेंदों में अर्धशतक जड़कर तहलका मचा दिया है। 26 वर्षीय बल्लेबाज ने यह कारनामा सनराइजर्स हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वॉड मैच में किया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में उन्होंने महज 16 गेंदों में पचासा जड़ा। इस दौरान वह 23 गेंदों में 64 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरूआत की और श्रीलंका के ईशान मलिंगा की धज्जियां उड़ा दीं।मेगा नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा खरीदे जाने पर बाएं हाथ के बल्लेबाज ने खुशी जताई थी। उन्होंने एसआरएच को धन्यवाद देते हुए कहा- मैं इस अविश्वसनीय टीम (सनराइजर्स हैदराबाद) में शामिल होने और इस अद्भुत फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी**

नई दिल्ली। चयन ट्रायल की देखरेख डब्ल्यूएफआई की चयन समिति ने की जिसमें अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष एसपी देशवाल और ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त शामिल थे।भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का निलंबन हटने के बाद दिल्ली के आईजी खेल परिसर में सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल कराए जाने के बाद भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाले इस टूनामेंट के लिए 30 सदस्यीय टीम में विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त सामाचार

### फर्जी ढंग से शिकायत निस्तारण में विद्युत महकमे के तीन अफसर सस्पेंड

लखनऊ (संवाददाता)। शिकायत के फर्जी निस्तारण का मामला जांच में सही मिलने पर एसडीओ व जेई समेत तीन अफसरों को निलंबित कर दिया गया। पोल्ट्री फार्म का मीटर खराब होने की शिकायत पर नहीं बदला और मौके पर बाइपास के आरोप में फार्म की बिजली काट दी जिससे कई मुर्गियां मर गई थीं। विद्युत उपकेंद्र भिलवल के दुन्दीपुर गांव के वहीदुल हसन सिद्दीकी के पोल्ट्री फार्म पर व्यावसायिक बिजली कनेक्शन है। 19 दिसंबर को मीटर खराब होने की शिकायत की थी। फार्म के केयरटेकर मकसूद ने बताया कि मीटर बदलने की जगह मौके की जांच करके बाइपास करने का आरोप लगाकर कनेक्शन काट दिया गया। 30 से अधिक मुर्गियां मर गईं।उच्चाधिकारियों से शिकायत पर जांच शुरू होते ही अगले दिन मीटर बदलकर बिजली जोड़ दी गई। जांच में बिना मीटर बदले अभिलेखों में ही शिकायत का फर्जी निस्तारण करने और मौके पर जबरन कनेक्शन काटने पर तीन के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।अधिशासी अभियंता खंड हैदरगढ़ पीके गौतम के मुताबिक जांच में उपभोक्ता की शिकायत सही पाई गई। एसडीओ मीटर हैदरगढ़ रिजवान सिद्दीकी, जेई उपकेंद्र भिलवल आनंद मतोलिया और जीएमपी मीटर दिलीप को लापरवाही व गलत सूचना का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।अधीक्षण अभियंता राजबाला कहती है, उपभोक्ताओं की शिकायत का निस्तारण पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### दरंदगी की हदें पार, युवक को पेशाब पिला कर पीटा

#### परेशान होकर युवक ने लगा ली फांसी

लखनऊ (संवाददाता)। बाराबंकी जिले में दबंगों ने एक युवक को पेशाब पिला पिला कर इतना पीटा कि पिटाई से परेशान होकर उसने फांसी लगा ली। परिजनों ने बाराबंकी पुलिस पर भी कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। दबंगों से पीड़ित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।आत्महत्या करने के दौरान उसने मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर वायरल किया है। सुसाइड के दौरान ऑडियो वीडियो में मृतक आरोपियों के नाम लिए है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया है। बाराबंकी में दबंगई का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है।मामला थाना टिकैतनगर के गोबरहा गांव का बताया जा रहा है, जहां दबंगो ने युवक को पेशाब पिला पिला कर मारा पीटा मृतक की मां ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में मृतक के पिता राकेश कुमार पुत्र भुलई निवासी गोबरहा मजरे करौली थाना टिकैत नगर ने बताया कि मजदूरी के 3500 रुपए मांगने गए उसके बेटे योगेंद्र कुमार मिश्रा को गोबरहा गांव निवासी रामकुमार उर्फ रामू पुत्र अशोक कुमार से मांगने गया था, जिसके बाद मनीष और सोनू पुत्रगढ़ अशोक कुमार कल्लू पुत्र सुंदर लाल व अम्बरीष व मोहन पुत्रगढ़ कल्लू लाठी डंडे से मारा पीटा। शिकायत में बताया है कि दबंगों ने पहले अपने घर पर मारा पीटा उसके बाद वो किसी तरह बचकर जब घर आया तो उसका पीछा करते हुए उसके घर पर आकर उसे और उसके परिजनों को बुरी तरह मारा पीटा और पिटाई से क्षुब्ध होकर उसने घर के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने बताया इस घटना के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### गेहूं खरीद आज से, 48 घंटे में भुगतान, एमएसपी 2425 रुपए कुंतल तय

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में कल यानि 17 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू होगी। खरीद 6500 केंद्रों पर15 जून तक चलेगी। इस बार समर्थन मूल्य पिछली बार से 150 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति कुंतल रखा गया है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान के निर्देश दिए हैं। क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए भी समुचित व्यवस्था करने की बात कही है। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी।गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल बि.नच.हवअ.पद या विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं। इस वर्ष भी बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक होगी। योगी सरकार के निर्देश है, किसानों को परेशानी न हो। विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। समस्या के समाधान के लिए किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। इस बार सरकार ने 150 रुपये प्रति कुंतल में वृद्धि की है। खाद्य विभाग समेत आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।खाद्य व रसद विभाग ने मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई है। 17 मार्च से शुरू होने वाली गेहूं खरीद के लिए विभाग ने सारी तैयारी कर ली है। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद होगी।

# जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे, वह कुंभ को मृत्यु बता रहे थे: योगी

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता




बनर्जी पर उनके मृत्यु कुंभ वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहा था। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, पहली बार तमिलनाडु से लोग आए थे। केरल से भी लोग आए थे। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लेकिन, पश्चिम बंगाल में होली के दौरान कई उपद्रव हुए। जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ थे उन्होंने कहा था कि प्रयागराज का महाकुंभ मृत्यु कुंभ था। उन्होंने कहा, लेकिन, हमने कहा कि यह मृत्यु नहीं है, यह मृत्युंजय है। यह महाकुंभ है। इस कुंभ ने साबित कर दिया है कि महाकुंभ के 45 दिनों में, हर दिन पश्चिम बंगाल के 50 हजार से एक लाख लोग इस आयोजन का हिस्सा थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 18 फरवरी को कहा था कि भगदड़ की घटनाओं के कारण महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है। उन्होंने दावा किया था कि महाकुंभ में मौतों के वास्तविक आंकड़े को अधिकारियों ने दबा दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में एक संबोधन के दौरान बनर्जी ने कहा था, उन्होंने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया है।

### विक्रांत विश्वविद्यालय, ग्वालियर एवं हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

लखनऊ (संवाददाता)। विक्रांत विश्वविद्यालय, ग्वालियर एवं हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, लखनऊ के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता सामाजिक विकास, खेल और संगीत के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने के उद्देश्य से किया गया है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर विक्रांत विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह और हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल द्वारा किए गए। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थाएं मिलकर समाज के उत्थान, युवाओं के सर्वांगीण विकास तथा खेल और संगीत के क्षेत्र में नई संभावनाओं को साकार करने के लिए कार्य करेंगी। यह एमओयू न केवल शिक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देगा, बल्कि रचनात्मकता और प्रतिभा को भी एक नया मंच प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर विक्रांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ. रूपल अग्रवाल उपस्थित रहीं। इसके अलावा, ट्रस्ट की आंतरिक सलाहकार समिति के सम्मानीय सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### राजनीतिक संरक्षण और विज्ञापन के लालच में अखबारों द्वारा अवैध सेक्स क्लिनिक को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप

लखनऊ (संवाददाता)। पारदर्शिता, जवाबदेही, मानवाधिकार और कानूनी अधिकारों के लिए संघर्षरत कार्यकर्ता संजय शर्मा ने एक बार फिर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने लखनऊ के इंदिरानगर में संचालित रॉयल हर्बल क्लिनिक नामक सेक्स क्लिनिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह क्लिनिक अनैतिक और अवैध रूप से कार्य कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद इसे राजनीतिक संरक्षण और मीडिया संस्थानों का समर्थन मिल रहा है। बताते चलें कि शर्मा की शिकायत पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखनऊ डा. राज कुमार यादव ने इस सेक्स क्लिनिक की जांच के लिए एक समिति का गठन कर दिया है जो इस क्लिनिक की जाँच करेगी. शर्मा का कहना है कि उनको बताया गया है कि इस अवैध क्लिनिक को समाजवादी पार्टी से जुड़े कुछ राजनेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है, जो इसे कानूनी शिकंजे से बचाने में मदद कर रहे हैं। संजय शर्मा ने और इस सम्बन्ध में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश विधानसभा और सूचना विभाग के अधिकारियों को भी शिकायतें भेजने की बात कही है। संजय शर्मा ने इस क्लिनिक को बढ़ावा देने वाले कुछ समाचार पत्रों पर भीनिशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई अखबारों ने इस क्लिनिक केपक्ष में भ्रामक और गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रसारित किए हैं, जिससे आम जनता धोखे का शिकार हो रही है। ऐसे कई समाचार पत्र हैं जो विज्ञापन के लालच में इस अवैध क्लिनिक का प्रचार कर रहे हैं। इन विज्ञापनों में झूठे दावे किए जाते हैं और जनता को गुमराह किया जाता है। यह सिर्फ एक वाणिज्यिक धंधा बन चुका है, जिसमें जनता के स्वास्थ्य और कानून का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, शर्मा ने आरोप लगाया है कि यह क्लिनिक समाजवादी पार्टी से जुड़े कुछ प्रभावशाली नेताओं के समर्थन से संचालित हो रहा है, जिसके चलते प्रशासन इस पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के क्लिनिक न केवल कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि समाज को नैतिक रूप से दूषित करने का कार्य भी कर रहे हैं। ऐसे क्लिनिक झूठे वादे कर भोले-भाले लोगों से पैसे ऐंठते हैं और स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं के समर्थन से यह धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। अगर इसे रोका नहीं गया, तो आने वाले समय में यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन सकता है, उन्होंने कहा।उच्च स्तरीय जांच की मांग, सूचना विभाग से हस्तक्षेप की अपील संजय शर्मा ने इस मुद्दे को उत्तर प्रदेश विधानसभा और सूचना विभाग के समक्ष उठाकर इस क्लिनिक और इसे समर्थन देने वाले समाचार पत्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाने की बात कही है।

## आगरा के बाराखंबा में अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बताने पर मायावती ने उठाए सवाल, सांसद चंद्रशेखर ने लिखा पत्र

लखनऊ (संवाददाता)। बहुजन



समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। वहीं, इस मामले को लेकर नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने रेलवे मंत्री को पत्र लिखा है। बसपा मुखिया मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यूपी के आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक के पास दशकों से समाज हित व जनकल्याण आदि गतिविधियों से जुड़े अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई से लोगों में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है और लोगों का यह भी कहना है कि क्या यही है सरकार का अंबेडकर प्रेम? उन्होंने आगे लिखा कि ऐसे में केंद्र सरकार से अनुरोध है कि आगरा के साथ-साथ ऐसी और भी बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर-विरोधी कार्रवाईयों का तत्काल संज्ञान ले और जरूर उचित कार्रवाई भी करे। उम्मीद है कि सरकार जरूर सकारात्मक कदम उठाएगी। उधर, इस मामले में नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने भी केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।

## Taraweeh Namaaz was offered late in the evening at Masjid-e-Bilali

Gorakhpur. A Quran of Taraweeh Namaaz was completed late in the evening at Masjid-e-Bilali located in



Khunipur of the city.““During this, prayers were offered for everyone's prosperity, progress of the country and the state, peace, tranquility, and peace. Taraweeh was taught by Maulana Shahid. On the occasion of the end of Taraweeh, Maulana Shahid was greeted with a garland. Prayers were also offered for everyone's health and well-being.““On this occasion, President of All India Urs Committee Muhammad Raza Laddan Khan said that Allah Ta'ala gets the reward of good deeds done in the 11 months of the year through the angels, but Allah himself rewards the good deeds done in the month of Ramzan. Khan asked people to keep fasts, recite the Quran and pray. He requested people to keep day fast in Ramadan and read night namaz with full respect.““On this occasion, a large number of Muslim devotees including Hafiz Mazhar Ali, Sonu, Navi Muhammad, Shamim Khan, Raju Hayat, Muhammad Shani, Kamil and Muhammad Shahrukh were present.

# Pay now or get arrested

## Inside the growing menace of digital arrest scams

**NEW DELHI :** Imagine receiving a chilling phone call from a stranger claiming to be a law enforcement officer, accusing you of a crime you never committed, and demanding immediate payment of fine or verification of your account balance to avoid arrest. Your heart racing and your mind reeling, you're forced to make a split-second decision that could either save or ruin your life. Welcome to the sinister world of digital arrest scams, where fear, deception and manipulation reign supreme. The digital arrest scam has become a pervasive threat, with thousands of people falling victim to this cleverly crafted scheme every year. Interestingly, the victims of this scam are neither poorly aware nor uneducated. So, how is it that even the knowledgeable and tech-savvy individuals, who can operate net banking and other banking facilities with ease, fall prey to the digital arrest scam? The answer lies in the scammer's cunning use of psychological manipulation,



which can catch even the most cautious off guard, investigators and psychologists say. The digital arrest scam, they argue, is a masterclass in exploitation, using fear, urgency and authority to create a perfect storm of panic and confusion. “Scammers pose as law enforcement officials or govt agents, using firm tones and spoofed phone numbers to extract personal and financial information from their victims. As the victim's anxiety spirals, the scammers seize the opportunity to manipulate their actions to create a false sense of obligation,” a senior cyber cell officer explained. At its core, the scam relies on psychological manipulation, preying on the fear and vulnerability of its victims. The scam typically begins with a phone call or message from a scammer claiming that the victim has an outstanding warrant or drugs in his parcel, and that immediate action is required to avoid arrest or further penalties. The scammer's tone is often firm and authoritative, designed to instil fear and a sense of urgency in the victim. They may use spoofing techniques to disguise their phone number, making it appear as if the call is coming from a legitimate govt agency. As the victim becomes increasingly anxious and fearful, the scammer will begin to extract personal and financial information. They may ask for payment via prepaid debit card, wire transfer, or other untraceable methods. “The scammer's goal is to create a sense of panic and confusion, making it difficult for the victim to think clearly or seek outside help. They may use high-pressure tactics, threatening to arrest the victim or seize their assets if payment is not made immediately,” said an investigator. In many cases, the scammer will also use psychological manipulation to control the victim's actions. They may use phrases like “you're a good citizen” or “we're trying to help you” to build trust. “As the victim realises they have been scammed, they often feel a mix of emotions: shame, anger and relief. They may wonder how they fell victim to such a blatant scam.




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।
प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।